यूएई से 18,590 करोड़ रुपये के एमओयू

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट : रंग ला रही निवेशकों को यूपी लाने की मुहिम

लखनऊ। दुनिया भर के निवेशकों को यूपी लाने की योगी सरकार की मुहिम रंग ला रही है। विदेश दौरों पर गईं टीमों को मिले लेटर ऑफ इंटेंट (आशय पत्र) फरवरी में होने जा रहे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले ही एमओयू में तब्दील होने लगे हैं। अकेले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से मिले 18590 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरते दिखाई दे रहे हैं।

एमएसएमई मंत्री राकेश सचान के नेतृत्व में यूएई गई टीम ने वहां के विदेश व्यापार राज्य मंत्री डॉ. थानी बिन अहमद अल जायौदी से मुलाकात की थी। इस दौरान यूएई में हुए कार्यक्रमों में कुल 21622 करोड़ के 25 आशय पत्र मिले थे। इनमें से 6 कंपनियों से एमओयू साइन हो चुके हैं। इससे प्रदेश में 20 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित होंगे। शेष 19 कंपनियों से एमओयू साइन होने की प्रक्रिया चल रही है। फरवरी में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले 16 देशों की यात्रा करने वाली राज्य सरकार की आठ टीमों को अब तक 7.12 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। ब्यूरो

इन कंपनियों से हुआ करार

अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में आस्था ग्रीन एनर्जी वेंचर और श्री सिद्धार्थ इंफ्राटेक एंड सर्विसेस क्रमशः 4480 और 8000 करोड़ का निवेश करेंगी। इससे साढ़े सात हजार नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। लॉजिस्टिक पार्क सेक्टर में शरफ ग्रुप और हिंदुस्तान पोर्ट क्रमशः 1300 और 210 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। इससे 2500 रोजगार उपलब्ध होंगे। रिटेल और फूड प्रोसेसिंग में लुलु ग्रुप 4500 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इससे 10 हजार रोजगार के अवसर सृजित होंगे। वहीं शोभा रियल्टी शिक्षा और सीएसआर सेक्टर में 100 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे 250 रोजगार के मौके बढ़ेंगे।